म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर
जी.पी.एच. कंपाउंड पोलोग्राउंड, इंदौर - 452003
ई-मेल : mppkvvcl.apprentice@gmail.com

क्र.प्रनि/पक्षे/01/डीजीएम एचआर-2 15566 इन्दौर/दिनांक 25 SEP 2025

## विज्ञप्ति

### स्नातक/डिप्लोमा अप्रेंटिस के नियोजन बावत्

शासकीय मान्यता प्राप्त कॉलेज के वर्ष 2021-2025 के मध्य उत्तीर्ण उम्मीदवारों से एक वर्ष के अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संलग्न प्रपत्र- 'क' में आमंत्रित किये जाते है :

| क्र. | विवरण | रिक्त स्थानों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल |
| 1 | स्नातक/डिप्लोमा अप्रेंटिस | 35 | 11 | 14 | 9 | 69 |

1. **अनिवार्य शैक्षणिक/**स्नातक/डिप्लोमा **अप्रेंटिस योग्यता :-** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक / डिप्लोमा इंजीनियरिंग ब्रांच- इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स/ सिविल इंजीनियरिंग/ कम्प्युटर साइंस/ आई.टी./इलेक्ट्रानिक्स/ टेलीकम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेन्टेशन में अथवा स्नातक/ डिप्लोमा कोर्स जैसे- BCA/BBA/BA/ BSC/BCom
2. **प्रशिक्षण अवधि :** चयनित प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस एक्ट 1961 तथा उक्त अधिनियम के संशोधनों के नियमानुसार 1 वर्ष का मैदानी प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा।
3. **प्रशिक्षु भत्ता :** स्नातक अप्रेंटिस को **रू.9000/-** प्रतिमाह तथा डिप्लोमा अप्रेंटिस को **रू.8000/-** प्रतिमाह प्रशिक्षु भत्ता प्रदान की जावेगी ।
4. **आवेदन की प्रक्रिया:-**

I. आवेदक nats.education.gov.in वैबसाइट में रजिस्टर/ एनरोल कराएं।

II. आवेदक संलग्न प्रपत्र में उचित प्रविष्टि कर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से उपमहाप्रबंधक (मा.स.) प्रशिक्षण सेल, कार्पोरेट कार्यालय, म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि. इंदौर जी.पी.एच. कंपाउण्ड पोलोग्राउण्ड, इंदौर-452003 को प्रेषित करें। आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करें- NATS रजिस्ट्रेशन, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति, म.प्र.मूल निवासी, पहचान प्रमाण पत्र, 10वीं की अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अन्य पिछडा वर्ग)।

III. कार्यालय में डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31/10/25 है

5. **सामान्य नियम एवं शर्ते :-**

I. प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण समाप्त होने पर कंपनी में कोई नियुक्ति नहीं दी जावेगी न तो अन्य माध्यमों से संलग्न किया जावेगा ।

II. आवेदक अपना आवेदन एवं सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रपत्र में उल्लेखित संलग्नकों सहित प्रमाणित/सत्यापित/स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करे।

आवेदन पत्र में अपूर्ण/ त्रूटिपूर्ण जानकारी/असत्य जानकारी देने पर/ आवेदन के साथ निर्धारित दस्तावेज नहीं संलग्न करने पर आवेदनों को निरस्त कर दिया जावेगा।

III. प्राप्त आवेदनों एवं उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर चयनित प्रशिक्षुओं को 1 वर्ष के प्रशिक्षण हेतु अनुबंधित किया जावेगा तथा आवश्यकतानुसार कंपनी के अधीनस्थ मैदानी कार्यालयों में चयन सूची अनुसार पदस्थ किया जावेगा। प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थीयों को निर्धारित मैदानी कार्यालयों में पूर्ण प्रशिक्षण ग्रहण करना होगा तथा उक्त अवधि में अन्य स्थान पर स्थानान्तरण नहीं किया जावेगा।

IV. प्रशिक्षुओं का चयन स्नातक/डिप्लोमा इंजीनियरिंग योग्यता में प्राप्तांकों की प्रवीण्य सूची के आधार पर किया जावेगा। प्राप्तांक समान होने पर अधिक आयु वाले आवेदक का चयन किया जावेगा।

V. स्नातक/डिप्लोमा अप्रेंटिस की शाखावार रिक्तियों हेतु योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने की स्थिति में उक्त शाखा की रिक्तियों को समायोजित कर अन्य उपलब्ध शाखा के स्नातक/ डिप्लोमा अप्रेंटिस द्वारा भरा जा सकेगा।

VI. अनु.जाति/ अनु.ज.जा./ अन्य पिछडा वर्ग हेतु आरक्षण केवल म.प्र.मूल निवासी आवेदकों के लिए म.प्र.शासन के आरक्षण नियम अनुसार है। आरक्षित पदों हेतु योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर इन रिक्तियाँ को अन्य आरक्षित वर्ग के आवेदकों द्वारा भरा जा सकेगा तथापि योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर उक्त रिक्तियाँ की पूर्ति हेतु अनारक्षित वर्ग के आवेदकों द्वारा भरा जा सकेगा।

VII. विद्युत कार्य का स्वरूप घातक/ खतरनाक होने के फलस्वरूप दिव्यांग वर्ग हेतु आरक्षण प्रदाय नहीं किया गया है।

VIII. आवेदन के संबंध में अन्य जानकारी हेतु:- ई-मेल : mppkvvcl.apprentice@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

**मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.)**

संलग्न:- आवेदन प्रपत्र

## अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए आवेदन प्रपत्र 'क'

| पासपार्ट साइज फोटो |
|---|

प्रति,

प्रबंधक (मा.स.),

प्रशिक्षण सेल, कार्पोरेट कार्यालय

म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि.,इन्दौर ।

जी.पी.एच. कम्पाउंड, पोलोग्राउण्ड इन्दौर (म.प्र.) 452003 ।

1. स्नातक/ डिप्लोमा अप्रेंटिस : ..................................................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम : ..................................................................................................
3. पिता/ पति का नाम : ..................................................................................................
4. लिंग (महिला/पुरूष) : ..................................................................................................
5. जन्म तिथि : ..................................................................................................
6. पत्र व्यवहार का पता : ..................................................................................................
7. ई-मेल आई.डी : ..................................................................................................
8. मोबाइल/ फोन नंबर : ..................................................................................................
9. स्थायी पता : ..................................................................................................
10. वर्ग-अनारक्षित/अनु.जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग :..........................................................................
11. शैक्षणिक/ डिप्लोमा योग्यता एवं शाखा : ..................................................................................

| स्नातक/डिप्लोमा योग्यता | शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता | शाखा | उत्तीर्ण वर्ष 2021 - 2025 | कुल पूर्णांक/ (CGPA) | कुल प्राप्तांक/ (CGPA) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

12. प्रशिक्षण ग्रहण करने हेतु मैदानी कार्यालयों के तीन विकल्प: 1...................... 2................. 3..................

मैं ......................... पिता/पति ............................ अपने संपूर्ण ज्ञान के आधार पर घोषणा करता हूँ/ करती हूँ की आवेदन पत्र में दी गयी समस्त जानकारी पूर्णतया सत्य है। यदि उपरोक्त जानकारी अपूर्ण/असत्य पायी जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त होने हेतु मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा ।

दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर

**संलग्नक सहपत्र (सत्यापित/ स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियॉ) :-**

1. म.प्र.मूल निवासी प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्गो के लिए) ।
2. शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज जैसे डिग्री/ डिप्लोमा एवं अंकसूचियॉ ।
3. 10 वी की अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र ।
3. जाति प्रमाण पत्र अनु.जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल म.प्र.मूल निवासी उम्मीदवारों हेतु)
4. NATS वेबसाईट पर आवेदक के रजिस्ट्रेशन की प्रति।
5. आय प्रमाण पत्र (म.प्र.मूल निवासी अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों के लिए) ।
6. फोटो पहचान पत्र ।